लोक सभा अध्यक्ष ने संसद भवन परिसर में प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

नई दिल्ली, 04 अप्रैल, 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संसद भवन परिसर में "भारत का स्वतंत्रता संग्राम: 1757-1947" विषय पर एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी का आयोजन भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 4-8 अप्रैल 2022 तक किया जा रहा है।

श्री बिरला ने प्रदर्शनी का दौरा किया और भारत के स्वतन्त्रता संग्राम से जुड़े कुछ कम ज्ञात संघर्षों और स्वतंत्रता सेनानियों की यादों को जीवित रखने के लिए मंत्रालय के प्रयासों की सराहना की। श्री बिरला ने इस अवसर पर आगंतुक पुस्तिका में एक संदेश भी लिखा।

प्रदर्शनी में केंद्रीय राज्य मंत्री, संसदीय कार्य मंत्रालय व् संस्कृति मंत्रालय श्री अर्जुन राम मेघवाल समेत अनेक संसद सदस्य उपस्थित रहे।